हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 23 डिग्री
न्यूनतम 9 डिग्री

4 युवती समेत तीन लोगों ने चाकू मारकर की युवक की हत्या, सुबह मिला शव



## खबर संक्षेप

### गौवंश को बेरहमी से मारा, थाने में शिकायत

**बैकुण्ठपुर।** गौवंश की एक व्यक्ति द्वारा बेरहमी पूर्वक पिटाई करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए राष्टीय गौरक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग दुबे ने आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत देकर पशु क्रुरता अधिनियम के तहत कार्यवाई करने की मांग की। सिटी कोतवाली बैकुंठपुर के नाम सौंपे गए शिकायत में उल्लेख किया है कि सिटी कोतवाली अंतर्गत तलवापारा में एक बैल को घटना दिवस को लहुलुहान करते तक बेरहमी से पिटाई की, स्थानयी लोगों के समझाईस के बाद भी बैल को वह पिटता रहा। इस मामले में गौरक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष ने आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### जन जागरण कार्यक्रम के मंडल संयोजक बने रीत

**डोमनहिल।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर की जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले ने युवा नेता एवं भाजपा चिरमिरी मंडल के महामंत्री रीत जैन को केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जीरामजी योजना के जन जागरण कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए चिरमिरी मंडल का संयोजक नियुक्त किया है, इसके साथ ही आशीष अग्रवाल एवं महेश ठाकुर को सदस्य नियुक्त किया है। श्री जैन की इस नियुक्ति से उनके समर्थकों के बीच हर्ष व्याप्त है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए युवा भाजपा नेता रीत जैन ने कहा कि इस नियुक्ति के लिए वे पार्टी के नेतृत्व का आभार प्रकट करते हैं। वे अपनी टीम के साथ लोगों के बीच जाएंगे और केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना जीरामजी की खूबियों से उन्हें अवगत कराएंगे तथा इस योजना के संदर्भ में कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रामक जानकारियों का पदार्फाश करेंगे। 100 दिन की जगह 125 दिन तक सुनिश्चित रोजगार हफ्तों में भुगतान महीना का इंतजार नहीं बायोमेट्रिक व्यवस्था से पारदर्शिता रखी जाएगी।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए चयन समिति गठित

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर (अटल नगर) के पत्रानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला एमसीबी में परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त आयोजनों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए चयन किए जाने के लिए जिला स्तर पर समिति का गठन किया गया है। परेड प्रतियोगिता के लिए समिति अध्यक्ष डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा, सदस्य उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एमसीबी श्रीमती तरशिला टोप्पो, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए समिति अध्यक्ष डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा,सदस्य सहायक आयुक्त आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग सुश्री अंकिता मरकाम समिति द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले दलों एवं प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया जाएगा।

### आरक्षण रोस्टर तैयार किए जाने समिति गठित

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जिले में नियुक्ति एवं चयन प्रक्रियाओं में आरक्षण के संबंध में आरक्षण रोस्टर तैयार किए जाने के कार्रवाई के लिए पदेन समिति का गठन किया गया है। इसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अध्यक्ष, अपर कलेक्टर स्थापना शाखा सदस्य सचिव, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कोषालय अधिकारी एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी को सदस्य बनाया गया है।

### अब तक 5.58 लाख क्विंटल की हुई है खरीदी

# एमसीबी में 84 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले में अब तक कुल 5.58 लाख क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है, जिसमें से 84,840 क्विंटल धान का सफल उठाव किया गया है, जो कुल उपार्जित मात्रा का लगभग 15.19 प्रतिशत है। वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों में 4,73,860.20 क्विंटल धान शेष है, जिसे प्रशासन द्वारा चरणबद्ध कार्ययोजना के तहत जल्द उठाने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

जानकारी के अनुसार केल्हारी 24,420 क्विंटल, चैनपुर 14,890 क्विंटल, रतनपुर 9,820 क्विंटल, घुटरा 8,000 क्विंटल, कठौतिया, 8,240 क्विंटल, नागपुर 5,980 क्विंटल, बरदर 2,830 क्विंटल, बंजी 2,450 क्विंटल, खड़गवां 1,940 क्विंटल, बरबसपुर, 1,800 क्विंटल का उठाव हुआ है। इसके अलावा कोडा, कुवांरपुर, जनकपुर और डोडकी उपार्जन केन्द्रों से भी निर्धारित मात्रा में धान का उठाव किया गया है। कुछ केन्द्रों में फिलहाल धान उठाव शून्य है, लेकिन शेष धान उठाव के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं और आगामी दिनों में उठाव की गति और तेज की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में धान उठाव केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों के विश्वास और हित से जुड़ा दायित्व माना जा रहा है। जिला प्रशासन नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रत्येक उपार्जन केन्द्र की स्थिति पर सतत निगरानी रख रहा है, जिससे शेष धान का समय पर और सुरक्षित उठाव सुनिश्चित हो सके।



धान उठाव का कार्य जारी।

## बिहारपुर में विचरण कर रहा 15 हाथियों का दल



**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के वनपरिक्षेत्र बिहारपुर अंतर्गत हाथियों का 12-15 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इस दल के विचरण के दौरान किसी तरह के जनहानि की शिकायते नहीं मिली हैं। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ वन मंडल के वनपरिक्षेत्र बिहारपुर अंतर्गत परिसर चपलीपानी के कक्ष क्रमांक 858 में रविवार को हाथियों का दल विचरण कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार इस दल में लगभग 12 से 15 हाथियों दली है। वन विभाग के मदानी अमले ने हाथी प्रभाावित क्षेत्र के लोगों को हाथियों के दल से सुरक्षित रहने की समझाईस दी और हाथी से बचाव को लेकर प्रभावित क्षेत्रों के गांव में मुनादी भी कराई जा रही है। वन विभाग के अनुसार इस क्षेत्र से हाथियों के दल को ग्राम नवाडीह, कांटो, बैरागी, बसखोहर, मनियारी, शिवपुर, हराडीह व निगनोहर क्षेत्र की ओर जाने की संभावना जताई जा रही है। वन विभाग का मैदानी अमला हाथियों के आवाजाही पर सतत निगरानी बनाए हुए है।

## ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में 355 की जगह 600 लेने की शिकायत

**सोनहत।** जिले के सोनहत मुख्यालय स्थित शासकीय नवीन महाविद्यालय परिसर में परिवहन विभाग के निर्देशानुसार एक दिवसीय ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में लाइसेंस सुविधा केन्द्र द्वारा लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का कार्य किया जा रहा था। यहां आवेदकों का आरोप है कि लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए निर्धारित सरकारी शुल्क 355 के बजाय उनसे 600 तक की राशि वसूली गई। कुछ आवेदकों ने बताया कि भीड़ और प्रक्रिया जटिल होने के कारण कई लोगों का लाइसेंस नहीं बन सका, जबकि कुछ से अतिरिक्त राशि की मांग की गई। स्थानीय आवेदकों के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल पर शुल्क कम दशार्या जा रहा है, लेकिन शिविर स्थल पर मौजूद बिचौलियों द्वारा फॉर्म भरने के नाम पर अपने निजी फोन-पे खातों में 600 की मांग की गई। कुछ आवेदकों ने भुगतान से संबंधित स्क्रीनशॉट भी साझा किए हैं। मामले में विभाग के लोगों का कहना है कि यदि इस प्रकार की शिकायतें सामने आई हैं तो जांच कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदकों को केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ही शुल्क का भुगतान करना चाहिए।



### नौकरी लगवाने के नाम पर शिक्षक से ठगी

**सूरजपुर।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय के कर्मचारी के पुत्र को एसईसीएल में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 13 लाख 35 हजार की ठगी कर लिया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पचीरा निवासी तेलाई कच्छार में शिक्षक के पद पर पदस्थ हेमंत कुमार राजवाडे ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है 2023 में गांधीनगर निवासी आकाश खरे ने उसके बेटा अंकुर राजवाड़े को एसईसीएल भटगांव में नौकरी लगवाने के एवज में 15 लाख की मांग की। इधर पुत्र की नौकरी एसईसीएल में लग जाने को लेकर शिक्षक राजी हो गया। इस बीच विभिन्न माध्यम से आकाश खरे के खाते में 13 लाख 35 हजार 027 रुपए जमा कर दिया। इसके बाद भी आकाश ने नौकरी नहीं लगवाया और जब शिक्षक रुपए वापस लौटाने की बात कही तो आकाश खरे रुपए वापस करने से इंकार कर दिया।

## मकर संक्रांति पर सिद्धबाबा धाम में वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

**मनेन्द्रगढ़।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ऊँचे पहाड़ पर विराजमान आस्था के प्रमुख केन्द्र सिद्धबाबा धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

इसी को ध्यान में रखते हुए सिद्धबाबा सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। सिद्धबाबा सेवा समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार 14 जनवरी को प्रातः 8 से शाम 6 बजे तक सिद्धबाबा धाम की ओर जाने वाले मार्ग पर चार पहिया एवं दुपहिया वाहनों का ऊपर की ओर आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय भक्तों की बढ़ती संख्या, संकरे पहाड़ी मार्ग तथा सुरक्षा कारणों को देखते हुए लिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना से बचा जा सके। समिति ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन काफी संख्या में शिवभक्त भगवान शिव के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए सिद्धबाबा धाम पहुंचते हैं, ऐसे में वाहनों की आवाजाही से मार्ग में जाम, अव्यवस्था एवं जोखिम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रतिबंध के दौरान श्रद्धालु पैदल मार्ग से दर्शन के लिए जा सकेंगे। समिति द्वारा मार्ग में आवश्यक सहायता, जल व्यवस्था एवं मार्गदर्शन की व्यवस्था भी की जाएगी। सिद्धबाबा सेवा समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन एवं समिति के निर्देशों का पालन करते हुए सहयोग प्रदान करें। साथ ही, बुजुर्गों, बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया गया है। समिति ने कहा कि श्रद्धालुओं का सहयोग ही आयोजन को सफल एवं सुरक्षित बना सकता है।



## शक्ति केन्द्र खोंगापानी में एसआईआर को लेकर बैठक



**मनेन्द्रगढ़।** हसदेव मंडल अंतर्गत शक्ति केन्द्र खोंगापानी के बूथ क्रमांक 304 में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

यह बैठक वार्ड क्रमांक 8 में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता बूथ क्रमांक 304 की बीएलए-2 श्रीमती वंदना विश्वकर्मा जी ने की। बैठक का उद्देश्य एस आई आर प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना तथा संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा करना रहा। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के हसदेव मंडल महामंत्री जितेन्द्र प्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। ⏭ शेष पेज 4 पर

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को सरस्वती शिशु मंदिर में विभिन्न प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों, आदर्शों और राष्ट्र निर्माण के उनके संदेश से जोड़ना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य विनोद शुक्ला ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार दोपहर 2:30 बजे से स्वाभिमान दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वाभिमान दौड़ का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट के प्रति कर्तव्य भावना का संचार करना है। दौड़ के उपरांत विद्यालय के सभागार में स्वामी विवेकानंद के जीवन, दर्शन और उनके ओजस्वी विचारों पर आधारित एक वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस गोष्ठी में क्षेत्र के प्रबुद्ध वक्ता अपने विचार रखेंगे।

## पैपीलॉन स्टे फार्म में 20 साल बाद मिले 2006 बैच के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

स्कूली बस्ते का वह बोझ, प्रार्थना सभा की वह शांति और साथ बैठकर लंच साझा करने की वे यादें वक्त बदला, शहर बदले और बदल गए चेहरे, लेकिन जो नहीं बदला वो था निःस्वार्थ बचपन का प्रेम।

राजधानी रायपुर के पैपीलॉन स्टे फार्म में रविवार को एक ऐसा ही भावुक नजारा देखने को मिला, जब सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ के 2006 बैच के छात्र-छात्राएं लगभग दो दशक बाद एक-दूसरे के गले मिले। इस मिलन की सबसे खास बात यह रही कि दूरियां दोस्ती के आगे छोटी पड़ गरइं। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न से नेहा सिंह विशेष रूप से अपने पुराने साथियों से मिलने रायपुर पहुंचीं। नेहा ने भावुक होते हुए कहा कि देश छूटा, शहर छूटा, पर उन दोस्तों की यादें हमेशा दिल में रहीं, जिनके साथ क-ख-ग-घ सीखा था। इसी तरह अंकिता और कुणाल बेंगलुरू से, तो शिप्रा तिवारी दिल्ली से इस खास पल का हिस्सा बनने पहुंचीं। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के इस बैच के करीब 30 छात्रों ने डिजिटल क्रांति का सही उपयोग किया। व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए देश-विदेश में बिखरे दोस्तों को जोड़ा गया। आज इस ग्रुप में कोई डॉक्टर है, कोई इंजीनियर, कोई पत्रकार, तो कोई सफल व्यवसायी, लेकिन रायपुर के इस फार्म हाउस में सब केवल छात्र थे। कार्यक्रम का आगाज बेहद भव्य रहा। जैसे ही दोस्त फार्म हाउस पहुंचे, उनका स्वागत ढोल-ताशों की गूंज और मोतियों की माला पहनाकर किया गया। दिन भर हंसी-ठिठोली का दौर चला और हर किसी ने अपने स्कूली जीवन के किस्से साझा किए। सोमवार को इस दो दिवसीय आयोजन का समापन यादगार ग्रुप फोटो, विशेष मोमेंटो और उपहारों के वितरण के साथ किया गया। इसमें साकेत गोयल, सतीश गुप्ता, पंकज जैन, रवि तल्लानी, चंद्रशेखर तिवारी, राजेश चोपड़ा, नेहा सिंह, नेहा सरकार, समीर आलम, अंकित अग्रवाल, अंकिता मजूमदार, कुणाल मजूमदार, आयुष पटेल, शिप्रा तिवारी, हर्ष अहिरवार, मनीष बरियार, प्रतीक नायक, गौरव त्रिपाठी, मनीष सिंह, सोनू सिंह, मनोज नागपुरे, राकेश पासवान, दीपक तोमर, रविकांत सिंह, दीपक साहू और राहुल तिवारी आदि शामिल रहे।



### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चरणबद्ध प्रदर्शन शुरु

# गांधी पार्क में कांग्रेसियों का उपवास सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रविवार को शहर में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बैकुंठपुर के गांधी पार्क में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एक दिवसीय उपवास सत्याग्रह एवं प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला प्रभारी व पूर्व विधायक गुलाब कमरो एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने किया। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने धरने को संबोधित करते हुए केन्द्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि मनरेगा कोई सरकारी खैरात नहीं, बल्कि यूपीए सरकार द्वारा दिया गया गरीबों का संवैधानिक अधिकार है। केन्द्र सरकार ने फंडिंग पैटर्न बदलकर और राज्यों पर 40 प्रतिशत वित्तीय बोझ डालकर इस योजना को कमजोर बनाने की सोची-समझी साजिश रची है। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मनरेगा की मूल भावना इसकी वैधानिक गारंटी है, जिसे वर्तमान सरकार खत्म करना चाहती है। निर्णय प्रक्रिया का केन्द्रीकरण ⏭ शेष पेज 4 पर



### एमसीबी में एक दिवसीय उपवास सत्याग्रह



**मनेन्द्रगढ़।** काम के अधिकार की रक्षा के लिए चल रहे राष्ट्रीय अभियान मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी द्वारा जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के ग्राम चैनपुर धरना स्थल पर एक दिवसीय उपवास सत्याग्रह का आयोजन किया गया। उपवास सत्याग्रह में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज ⏭ शेष पेज 4 पर

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर ज्वालामुखी मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के पावन अवसर पर 10 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी मंडल जनकपुर द्वारा सिंगरौली स्थित ज्वालामुखी मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना एवं ऊँ नमः शिवाय मंत्र का सामूहिक जाप श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा और उपस्थित कार्यकर्ताओं व श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं राष्टÑीय स्वाभिमान के गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाना रहा। वक्ताओं ने अपने संबोधन में सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अस्मिता, आस्था और आत्मसम्मान का प्रतीक है। इस पावन आयोजन में प्रमुख रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक सिंह, जिलामंत्री पवन शुक्ला, ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप



### ओपीएस की हर्ष मन्नु स्वात राष्ट्रीय टीम में चयनित

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में कक्षा 8वीं की छात्रा हर्ष मन्नु केरकेट्टा पिता रणजीत केरकेट्टा का चयन एशियाई स्वात चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। स्पर्धा काठमाण्डु यूनिवर्सिटी में 29 अप्रैल से 4 मई तक होगी। हर्ष मनु ने चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय स्वात चैम्पियनशिप में युथ ग्रुप में अंडर 46 किलो भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया था। स्वात एक फ्रेंच बॉक्सिंग कला है जो 1924 में फ्रांस में समर ओलंपिक गेम्स में शामिल हुआ था। हर्ष मन्नु की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने शुभकामनाएं दी है।

### नवीन पाठ्य पुस्तकों पर शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**बिश्रामपुर।** विकासखंड सूरजपुर में नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित कक्षा पहली से तीसरी तक अध्यापन कराने वाले प्राथमिक शाला के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ,प्रशिक्षण कार्यक्रम को तीन जोन लटोरी,बिश्रामपुर और कन्या बिश्रामपुर में विभाजित कर आयोजित किया गया,प्रशिक्षण में प्राथमिक शालाओं के 270 शिक्षकों ने भाग लिया,प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स चंद्रकला कुशवाहा,जीवंती एक्का,पंकज एक्का,राजेश जायसवाल,मेरी रोशन लकड़ा,सुनीता यादव,बसंत मंडल, सुनीता भगत,सरिता तिर्की ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपने-अपने जोन में प्रशिक्षण दिया,डीईओ सूरजपुर अजय मिश्रा ने कहा कि कक्षा पहली से तीसरी तक की नवीन पाठ्यपुस्तकें बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता को सुदृढ़ करने हेतु तैयार की गई हैं। ये पुस्तकें बाल-केंद्रित एवं गतिविधि आधारित हैं,जिससे सीखना सहज और रुचिकर बनता है,ये नवीन पाठ्यपुस्तकें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति में सहायक हैं,प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य ने कहा कि कक्षा 1 से 3 की नवीन पाठ्यपुस्तकें बच्चों के शैक्षणिक एवं नैतिक विकास की मजबूत नींव रखती हैं,इन पुस्तकों के माध्यम से बच्चों में समझ,जिज्ञासा और रचनात्मक सोच का विकास होगी,विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण एवं आनंददायक शिक्षण को बढ़ावा देने में ये पुस्तकें अत्यंत उपयोगी हैं।प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में गौरी शंकर पांडेय, जितेंद्र तिवारी, पंकज सिंह, सुधीर पटेल, कीर्ति कौशल दुबे, संतोष बड़ा व अन्य सक्रिय रहे।

### डीएवी विद्यालय में बच्चों को दी गई आग से बचाव की जानकारी



**राजपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु में शुक्रवार को बच्चों को आग से सुरक्षा व बचाव की जानकारी दी गई। अग्नि सुरक्षा प्रदर्शन के तहत अग्निशमन अधिकारी रविंद्र टौंक के द्वारा शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को अग्निशामक उपकरणों की जानकारी दी गई तथा उन्हें उपकरणों के इस्तेमाल करने का सही तरीका भी समझाया गया। आग लगने के दौरान कैसे काबू पाना है और अपने साथ-साथ किसी दूसरे को भी कैसे सुरक्षित किया जा सकता है इन सभी चीजों की जानकारी क्रियात्मक ढंग से व विस्तार पूर्वक दी गई। इस दौरान बताया गया कि अग्निशामक यंत्र एक सक्रिय अग्नि सुरक्षा उपकरण है जिसका उपयोग आपातकालीन स्थितियों में आग पर काबू पाने के लिए किया जाता है। अग्निशामक यंत्र से जो सूखा पाउडर निकलता है जो मोनो अमोनियम फास्फेट होता है। प्राचार्य आशुतोष झा ने बताया कि अगर कहीं आग लगने की खबर मिले तो हमें हिम्मत व सावधानी से काम लेना चाहिए। अगर घर में ऐसी घटना सामने आती है और तत्काल मौके पर अग्निशामक यंत्र उपलब्ध नहीं है तो ऐसी स्थिति में प्राथमिकतानुसार हमें रेत या कोई मोटे कम्बल को भिगोकर आग पर डालना चाहिए, इससे बहुत हद तक आग पर काबू पाया जा सकता है।

## पहुंचविहीन गांवों में शामिल थी दोनो ग्राम पंचायतें

# ओड़गी के दूरस्थ ग्राम लांजित एवं छतरंग में मिली पुल निर्माण की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- दशकों से ग्रामीण कर रहे पुल व सड़क निर्माण की मांग

शासन द्वारा सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखण्ड ओड़गी के दूरस्थ ग्रामों को विकास के मुख्यधारा से जोड़ने की पहल प्रारंभ की गई है। आजादी के बाद से ही सड़क एवं पुल-पुलियों के अभाव में पहुंच विहीनता का दंश झेल रहे दूरस्थ गांवों को सड़क से जोड़ने की तैयारियां की जा रही है।

प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से बेहद समृद्ध विकासखण्ड ओड़गी के दूरस्थ गांवों के विकास में नदी-नाले जंगल व पहाड़ बाधा बने हुए हैं। अन्य दिनों में तो ग्रामीण जैसे-तैसे अपनी जरूरतें पूरी कर लेते हैं लेकिन बरसात के दिनों में कई गांव टापू बन जाते हैं। आवागमन की सुविधाओं के अभाव में जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय पहुंचना तो दूर आसपास के गांवों में जाने के लिए भी ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। कुछ ऐसे गांव भी हैं जो नदी-नालों से घिरे हैं तथा पुल-पुलियों का निर्माण हुए बिना ग्रामीणों के लिए आवागमन करना आज भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। कहीं ग्रामीण डोंगी के भरोसे आवागमन कर रहे हैं तो कही पैदल नाले को पार कर। पुल-पुलियों के अभाव में इन गांवों का विकास अवरूद्ध हो गया है। ग्रामीण लम्बे अर्से से पुल-पुलियां का निर्माण कराने की मांग कर रहे हैं। कुछ स्थानों पर पुल-पुलिया व सड़क का निर्माण भी हुआ है लेकिन अभी भी कई गांव ऐसे हैं जहां आवागमन मुश्किल है। शासन द्वारा ऐसे दूरस्थ ग्रामों में सड़क एवं पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। विभागों द्वारा पुल एवं सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। आजादी के बाद पहली बार दूरस्थ गांवों को संवारने की कोशिश से इन क्षेत्रों का तेजी से विकास होगा।



प्रस्तावित निर्माण स्थल।

### महान एवं कागज नाला पर बनेगा पुल

शासन ने दूरस्थ ग्राम पंचायत लांजित सोहार मार्ग में महान नदी एवं ग्राम पंचायत छतरंग अंतर्गत कागज नाला पर पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। दोनों ही ग्राम पंचायतें हाल-हाल तक पहुंच विहीन गांवों में शुमार थी। इन ग्राम पंचायतों के आश्रित ग्रामों में अभी भी आवागमन की सुविधा नहीं है तथा गांव नदी-नालों से घिरे हुए है। सौहार मार्ग स्थित महान नदी पर 144 मीटर लम्बा उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 7.41 करोड़ जबकि कागडा नाला पर 105 मीटर लम्बा उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए 4.19 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है तथा निर्माण की जिम्मेदारी सेतु निगम को सौपी गई है।

### तीसरी बार टेंडर की तैयारी

ग्राम लांजित एवं छतरंग दोनों ही ग्राम बीहड़ों के बीच बसे है। दूरस्थ क्षेत्र में निर्माण सामग्री उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्माण एजेंसी तय करना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। कागज नाला पुल के निर्माण के लिए विभाग दो बार टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर चुका है लेकिन योग्य एजेंसी का अब तक चयन नहीं हो सका है। प्रथम टेंडर में एकमात्र ठेकेदार के शामिल होने के कारण निरस्त करना पड़ा जबकि दूसरी बार 10 फीसदी रेट अधिक आने के कारण निरस्त कर दिया गया। भौगोलिक दृष्टि से निर्माण की बाधाओं के कारण विभाग द्वारा निर्धारित दर पर काम करने ठेकेदार तैयार नहीं हो रहे हैं। विभाग ने अब तीसरी बार टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ की है जबकि महान नदी पर पुल निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।



## गौरा पूजा लोक संस्कृति और परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा : चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ केदमा

ग्राम भकुरमा में आयोजित गौरा उत्सव में सांसद चिंतामणि महाराज एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव शामिल हुए। गौरा पूजा मझवार जनजाति का पारंपरिक एवं हर वर्ष मनाया जाने वाला उत्सव है। उत्सव में आदिवासी समाज भगवान शंकर एवं माता पार्वती का विवाह करते हैं जिसमें विवाह से संबंधित हर रीति रिवाज का पालन किया जाता है। शिव पार्वती विवाह के बाद रात भर ग्रामीण ढोल नगाड़ों के साथ नाच गान करते हैं।

इस अवसर पर सांसद चिंतामणी महाराज ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि गौरा पूजा हमारी लोक संस्कृति और परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता मजबूत होती है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों की सांस्कृतिक विरासत को सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने कहा की पूर्वजों किया परंपरा आज सिर्फ गांव में ही जीवित है। दूर दराज के आंचल में ही ऐसी परंपरा जो सनातन संस्कृति का हिस्सा है इसे हर हाल में जीवित रखना होगा। कार्यक्रम को सरपंच श्रीमती पार्वती,मंडल अध्यक्ष प्रबोध सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बृजेश चतुर्वेदी ने एवं आभार प्रदर्शन चंद्रबसु यादव ने किया। इस दौरान संतोष जायसवाल, विधायक सिंह, अनिल प्रताप सिंह, चंद्र बसु यादव, ओमप्रकाश सिंह, राधेश्याम सिंह ठाकुर, बालेश्वर यादव, आकाश जायसवाल, सार्थक सोनी, दिलशाद टोप्पो, उदय यादव, बुधीराम, अजय भगत, अमित सोनी, दूधनाथ यादव, मोगरा राम, बाबूलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग की टीम ने ढाबा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

- ढाबा संचालक के विरूद्ध दर्ज किया 36 ए के तहत अपराध दर्ज



जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने राजपुर रोड स्थित ढाबा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ढाबा परिसर में शराब की खाली बोतल पाए जाने पर 36 ए के तहत अपराध दर्ज किया है। साथ ही संचालक को ढाबा में शराब नहीं पिलाने की हिदायत दी।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करुण डहरिया के मार्गदर्शन एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कुसमी-राजपुर रोड स्थित आशीर्वाद ढाबा में छापामार कार्रवाई की। ढाबा में खाली शराब का बोतल मिलने एवं साथ में संचालित पान ठेले का राजस्व विभाग एवं आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त जांच करने पर ढाबे में लोगों द्वारा बाहर से शराब खरीद कर मदिरापान करने के लिए अपने प्रतिष्ठान में जगह उपलब्ध कराया जाना पाया गया। आबकारी विभाग द्वारा 36 ए के तहत कार्रवाई करते हुए दुबारा गलती नहीं करने का हिदायत ढाबा संचालक को दी। वही पान ठेले में 47 नग सिगरेट एवं तंबाकू सामग्रियों का विक्रय करना पाया गया। ठेला से करीब 100 मीटर के परिधि में स्थित है जहां छोटे बड़े छात्र छात्राओं का इस रास्ता से आना जाना होता है। तंबाकू पदार्थों के विक्रय से कोटपा का उल्लंघन किया गया। जिस पर कोटपा के तहत सामान को जब्त कर दुकानदार पर अर्थदंड लगाया गया। कार्रवाई में एसडीएम करुण डहरिया, सामरी तहसीलदार पारस शर्मा, आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्कूल की बकाया फीस सूची के बदले डिफाल्टर लिस्ट लिखकर प्रबंधन ने किया सार्वजनिक, अभिभावकों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में विभिन्न कक्षाओं में अध्ययन कर रहे बच्चों की इस सत्र की बकाया फीस पटाने हेतु प्रबंधन ने लिस्ट सार्वजनिक की है। लिस्ट में 15 जनवरी तक पूरी बकाया फीस पटाकर एडमिट कार्ड प्राप्त करने की बात लिखी गई है।

उक्त जारी की गई लिस्ट में स्कूली बच्चों के साथ अभिभावकों के नाम भी लिखे गये हैं जिसकी हेडिंग में बकाया फीस या पेंडिंग फीस लिस्ट लिखने के बदले स्कूल प्रबंधन ने डिफाल्टर लिस्ट लिख कर अलग अलग व्हाट्सप्प ग्रुप में डालकर शनिवार को नाम सार्वजनिक कर दिए जिसके कुछ ही देर बाद अभिभावकों में भारी नाराजगी देखने को मिली। डिफाल्टर लिस्ट हेडिंग लिखे जाने पर अभिभावकों ने कड़ा विरोध जताते हुए स्कूल प्रबंधन पर जानबूझकर बेइज्जत करने व नीचा दिखाने का आरोप लगाया है। हालांकि बाद में मामला तूल पकड़ने पर स्कूल प्रबंधन ने घटना का खंडन करते हुए सभी वाट्सऐप ग्रुपों में अपनी सफाई देते हुए मानवीय भूल बताकर माफ़ी मांग ली है। गौरतलब है कि डीएवी पब्लिक स्कूल की विभिन्न कक्षाओं की फीस साल की तीन किश्तों या तीन तिमाही में ली जाती है। इस सत्र की भी यही प्रक्रिया रही है। फरवरी माह में होने वाली फाइनल परीक्षा होने से पहले 15 जनवरी तक सभी विद्यार्थियों की फीस जमा कराकर स्कूल प्रबंधन द्वारा एडमिट कार्ड जारी करना है। इसी हड़बड़ाहट में स्कूल प्रबंधन ने सभी कक्षाओं की स्कूल फीस बकायादारों की लिस्ट जारी कर डिफाल्टर लिखकर अभिभावकों के नाम सार्वजनिक कर दिए जिसके बाद बखेड़ा खड़ा हो गया। मामले में स्कूल प्रबंधन ने सफाई देते हुए अपना पक्ष रखा है लेकिन अभिभावकों की नाराजगी अभी कम नहीं हुई है।

### 15 जनवरी की डेडलाइन से पहले अभिभावक डिफाल्टर हुए घोषित

डीएवी स्कूल में इस सत्र की तिमाही स्कूल फ्रीस पटाने की अंतिम तिथि 15 जनवरी रखी गई है लेकिन अंतिम तिथि के पांच दिन पूर्व 10 जनवरी दिन शनिवार को ही डिफाल्टर लिस्ट लिखकर अभिभावकों के नाम सार्वजनिक कर दिए गये जिसकारण अभिभावकों में ज्यादा रोष देखने को मिल रहा है। अभिभावकों के अनुसार अंतिम निर्धारित तिथि से पहले ही डिफाल्टर शब्द लिखकर नाम सार्वजनिक कर दिए गये जो कि न्याय संगत नहीं है,।राप्त जानकारी अनुसार नाराज अभिभावक सोमवार को पेरेंट्स एसोसिएशन के सदस्यों के साथ डीएवी स्कूल की प्राचार्या से भेंट करने पहुंचेगे साथ ही उचित कार्यवाही हेतु एक लिखित शिकायत पत्र स्कूल के चेयरमैन महाप्रबंधक एसईसीएल बिश्रामपुर, जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर एवं डीएवी मैनेजमेंट कमेटी दिल्ली को देने की बात कही जा रही है।

### मानवीय भूल पर सुधार ली गई गलती

स्कूल फीस बकायादारों की सूची बनाने में ऑफिस क्लर्क द्वारा हेडिंग बनाने में टाइपिंग गलती हो गई है। स्कूल प्रबंधन का किसी भी अभिभावक की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं है। फाइनल परीक्षा के लिए सभी विद्यार्थियों को समय से एडमिट कार्ड जारी करना हमारा मकसद है। मानवीय भूल होने पर गलती सुधारकर माफ़ी मांग ली गई है।

-अनामिका भारती
प्राचार्या डीएवी पब्लिक स्कूल, बिश्रामपुर

### पिकअप चालक ने विद्युत पोल को मारी टक्कर,एक कार हुई क्षतिग्रस्त, किसान के पैरावट में लगी आग

**बिश्रामपुर।** ग्राम डेडरी में शनिवार को एक पिकअप चालक ने विद्युत पोल को टक्कर मार दी जिससे दो विद्युत पोल गिर जाने से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई और घर के सामने रखे किसान के पैरावट में आग लग गई,घटना के बाद कुछ समय के लिए गांव में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई,गौरतलब है कि शनिवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे बिश्रामपुर की तरफ से उदयपुर की ओर जा रहे पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 3530 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ग्राम डेडरी में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल समीप तिराहा के पास एक विद्युत पोल से टकरा गया,दुर्घटना में दो विद्युत पोल टूटकर जमीन पर गिर गये,जिससे गांव के हरिवंश चक्रधारी के कार के ऊपर विद्युत पोल गिरने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और वहीं पास के हरिप्रसाद राजवाड़े के घर के सामने रखे करीब पांच ट्रैक्टर पैरावट में आग लग गई,दुर्घटना उपरांत आसपास के ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग बुझने तक पैरावट पूरी तरह जलकर खाक में तब्दील हो गई।

## अग्रवाल सभा की नई कार्यकारिणी घोषित

- मोहनलाल अग्रवाल चुने गये अध्यक्ष, अशोक जिंदल बने कोषाध्यक्ष







**बिश्रामपुर।** श्री अग्रवाल सभा बिश्रामपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष मोहन लाल अग्रवाल ने नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। घोषित कार्यकारिणी में संरक्षक सुभाष गोयल, सतपाल तायल, खजान चन्द जिंदल, मार्गदर्शक आत्मा राम मित्तल, तोलाराम जैन, सज्जन गोयल, 5 उपाध्यक्ष कर्मशः जयभगवान अग्रवाल, ललित गोयल, बाबूलाल दनोदिया, पवन अग्रवाल पोन्नी, राजकुमार गोयल उर्फ राजू, महामंत्री अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक जिन्दल, 4 सचिव कर्मशः प्रदीप गोयल, राजेश मित्तल, जगदीश सिंघल, जतिन तायल, विधिक सलाहकार व प्रवक्ता प्रदीप गर्ग, वित्तीय सलाहकार मयंक कुमार गोयल, सलाहकार सदस्य श्यामलाल गोयल, कृष्णा कुमार जिंदल, रमेश गर्ग, केके सिंघल, कृष्णा कुमार बंसल, उमेश अग्रवाल, कृष्णा गोयल बल्लू, दीपक गोयल, कार्यकारिणी सदस्य विष्णु अग्रवाल, गौरव मित्तल, राजेश मित्तल, अजय कुमार मित्तल, पवन मित्तल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### विकसित भारत–जी राम जी विधेयक से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई दिशा : चिंतामणि

**रामानुजगंज।** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने विकसित भारत–जी राम जी विधेयक 2025 को लेकर योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की।

सांसद ने बताया कि यह विधेयक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि यह योजना मनरेगा का उन्नत रूप है। जहां पहले प्रति परिवार 100 दिन रोजगार की गारंटी थी, अब इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। मजदूरी का भुगतान अब कार्य के सात दिन के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। अधिनियम में खेती-किसानी के पीक सीजन में श्रमिकों को पारंपरिक कृषि कार्य करने के लिए 60 दिन का नो-वर्क पीरियड भी शामिल किया गया है। इससे किसानों को भी लाभ होगा और ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी पलायन पर रोक लगेगी।

## रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन की गई बौद्धिक चर्चा

**रामानुजनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस ग्राम छिंदिया में बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएमसी मनोज साहू, नागेंद्र उपाध्याय तथा शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यादवेंद्र दुबे विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि नागेंद्र उपाध्याय एवं अध्यक्ष मनोज साहू द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई। मुख्य अतिथि नागेंद्र उपाध्याय ने विज्ञान के सदुपयोग पर बल देते हुए समाज में मोबाइल के दुरुपयोग को रोकने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी रोजगार मूलक कार्य से आत्मनिर्भर बनना चाहिए। मनोज साहू ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन अध्ययन और चिंतन का समय होता है, लेकिन इसी दौरान समाज सेवा करते हुए व्यक्तित्व विकास भी संभव है। मनुष्य को ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे वह अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणा बने। यादवेंद्र दुबे ने मातृभूमि और धर्म के प्रति प्रेम की भावना पर जोर दिया। उन्होंने गीता को आदर्श ग्रंथ बताते हुए इसके अध्ययन की आवश्यकता बताई। इस दौरान श्याम सिंह मरावी,दिलीप कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



## परसा सुपर लीग का विजेता बनी ब्लैक डायमंड टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

- आईपीएल के तर्ज पर 77 खिलाड़ियों को 7 टीम ओनर्स ने खरीदा था

ग्राम पंचायत परसा में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन युवा क्लब के तत्वावधान में किया गया था। 12 दिनों तक परसा खेल मैदान वीर शहीद नारायण में शानदार क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जिसमें कुल 7 टीम के 77 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। फाईनल मैच सरपंच 2.0 एंव ब्लैक डायमंड के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर सरपंच 2,0 द्वारा शानदार बल्लेबाजी करते हुए 12 ओभर में136 रनों का लक्ष्य दिया। टीम के रंगा द्वारा 6 छक्कों के मदद से 48 रन बनाया। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लैक डायमंड की टीम ने धुंवाधार शुरुआत की और 11.3 ओवर में 3 विकेट खोकर यह लक्ष्य को हासिल कर प्रतियोगिता अपने नाम की। ब्लैक डायमंड की और कौशल बंजारा ने शानदार आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 10 छक्कों की मदद से अर्धशतक बनाया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि देव सिंह करियाम ने कहा कि शानदार क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत परसा के युवाओं द्वारा किया गया। ऐसा आयोजन ग्राम पंचायत द्वारा कराया जाता रहे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। खेल में कोई हार जीत नहीं होता है बल्कि कुछ नया अनुभव सीखने का मौका मिलता है और नए अनुभव के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलता है। क्षेत्र के खिलाड़ी भी अच्छा खेले का प्रदर्शन कर राज्य एवं नेशनल स्तर पर पहुंच कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन करें। मुख्य अतिथियों ने विजेता टीम को 35 हजार रुपये नगद एवं शील्ड एंव उप विजेता टीम को 25 हजार रुपये नगद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य श्रवण वरकड़े, सरपंच तुलसी मनोहर उइके, विजय कोर्राम, उमाशंकर यादव, मनोहर सिंह उइके, राजेश साव, विराट वीसी, महिपाल सिंह, बसंत यादव, इंदर ठाकुर, बुद्धिमान सिंह, संतोष नेटी, पतंगों बाई, हेमलता नेटी, सुनीता यादव, अमेश्वरी यादव, आसन सिंह, चेतन राजवाड़े, सीता राम, शिव राम मरावी, मोती लाल, गोविंदा, महेश खुसरो, नोखे लाल, मोहे लाल, नितेश यादव, राजेश यादव, गणेश यादव, रिंकू यादव, संजय राजवाड़े, रतन मराबी, अनिल दास ,कुमान श्याम, खेल साय मरावी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



खिलाड़ियों के साथ अतिथि।



# इमराशन हाशमी की 'हक' ने ओटीटी पर किया धमाल

**मुंबई।** इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म 'हक' ओटीटी पर लोगों की पसंदीदा बनी हुई है। सिनेमाघरों में फिल्म नवंबर, 2025 को रिलीज हुई थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने से चूक गई। इसका नेट कलेक्शन लगभग 20 करोड़ रुपये के आसपास था। 2026 की शुरुआत में 'हक' को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया गया जिसके बाद से इसने दर्शकों और चर्चा दोनों के जरिए अपनी लोकप्रियता को कायम रखा है। यह 14 देशों में टॉप 10 में शामिल है। नेटफ्लिक्स की साप्ताहिक रैंकिंग के मुताबिक, 'हक' अपनी स्ट्रीमिंग के बाद से भारत में नंबर 1 पर कब्जा जमाए हुए है।

लाइफStyle

# नताली

## 'टॉक्सिक' के टीजर में मचाया तहलका

एजेंसी ⏭ मुंबई

सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' 19 मार्च को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का टीजर जारी हो चुका है जिसने आते ही सोशल मीडिया पर धूम मचा दी। इस टीजर में यश प्रभावशाली गैंगस्टर 'राया' का किरदार निभाते दिखे हैं।

उनकी कुछ सेकंड की एंट्री देखकर लोगों ने उन्हें आने वाली सुनामी बता दिया है। अभिनेत्री नताली बर्न भी टीजर का हिस्सा हैं जिन्होंने छोटा सा बोल्ड सीन देकर लोगों का ध्यान खींच लिया है। यूक्रेन के कीव में जन्मीं नताली गुस्लिस्टा उर्फ नताली, एक अमरीकी अभिनेत्री, मॉडल, लेखक और फिल्म निर्माता हैं। मिड-डे के मुताबिक उनकी उम्र का तो अंदाजा नहीं है, लेकिन हर साल 20 मई को वह अपना जन्मदिन मनाती हैं। पढ़ाई मॉस्को के बोल्शोई बैले स्कूल से हुई है। इसके अलावा वह लंदन के रॉयल बैले स्कूल की छात्रा भी रही हैं। नताली ने करियर की शुरुआत अभिनेत्री और मॉडलिंग से की। बाद में फिल्म निर्माता और लेखक भी बन गईं। नताली ने कई चर्चित फिल्मों के जरिए हॉलीवुड इंडस्ट्री में पहचान बनाई है। उन्हें 'निम्फ' (2014), 'द एक्सपेंडेबल्स 3' (2014), 'एक्सेलेरेशन' (2019) और 'टिल डेथ डू अस पार्ट' (2023) जैसी कई फिल्मों में देखा गया है। 'द लास्ट रिडेम्पशन' (2024) में डायना की भूमिका के लिए उन्हें पूर्वी यूरोप फिल्म महोत्सव का सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला था। निजी जिंदगी की बात करें तो अक्टूबर, 2024 में नताली ने एमी पुरस्कार विजेता निर्देशक, टिमोथी वुडवर्ड जूनियर से शादी की थी।



हॉलीवुड मसाला

# विलेन बनकर मचाएंगी तबाही...




**मुंबई।** ग्लोबल आइकन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा हमेशा से कुछ नया करने के लिए जानी जाती हैं। फिलहाल तो उनके प्रशंसक आगामी फिल्म 'वाराणसी' का इंतजार कर रहे हैं जिसे बनाने की जिम्मेदारी एसएस राजामौली ने उठाई है। 2027 में इसे रिलीज करने की योजना है। इस बीच, पता चला है कि प्रियंका डिज्नी+ पावर रेंजर्स सीरीज का हिस्सा बन सकती हैं। उससे भी बड़ी बात तो यह है कि सीरीज में उन्हें सुपरविलेन के किरदार में देखा जा सकता है।




# 'एवेंजर्स डूम्सडे' तोड़ेगी मार्वल का सबसे बड़ा रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की अगली फ्रैंचाइजी 'एवेंजर्स डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। लगातार आने वाले फिल्म और कलाकारों से जुड़े अपडेट लोगों के उत्साह को चरम पर पहुंचाने का काम कर रहे हैं। अब नया अपडेट जानने के बाद मार्वल प्रशंसकों की खुशी ठिकाना नहीं होगा, क्योंकि ऐसा यूनिवर्स में पहली बार होने जा रहा है। दरअसल, 'एवेंजर्स डूम्सडे' की रिलीज से पहले इसकी अवधि को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। हालिया एक्स रिपोर्ट के अनुसार, मार्वल अपनी सबसे लंबी फिल्म को सिनेमाघरों में पेश करने की तैयारी में है। मतलब यह कि 'एवेंजर्स डूम्सडे' की अवधि करीब 3 घंटे 45 मिनट होने की उम्मीद है। इसमें एंड क्रेडिट्स और पोस्ट-क्रेडिट दृश्य भी शामिल हैं।



# वीर की ब्रेकअप खबरों ने छेड़ी बहस...

**मुंबई।** साल 2026 का आगाज पूरी तरह से हुआ भी नहीं था कि बॉलीवुड में ब्रेकअप की खबर ने जोर पकड़ लिया है। तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया ने अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए हैं, इस अफवाह ने आते ही लोगों का ध्यान खींच लिया। प्रशंसक जानना चाहते हैं कि आखिर इस फैसले के पीछे की वजह क्या है। वहीं कुछ लोग गायक एपी ढिल्लों को जिम्मेदार बता रहे हैं। ब्रेकअप की खबर से सोशल मीडिया पर बहस छिड़ चुकी है। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के अनुसार, तारा और वीर का कथित ब्रेकअप हो चुका है। यह खबर मुंबई में एपी के कॉन्सर्ट विवाद के बाद आई है। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने दावा करते हुए लिखा, 'फवाहें बढ़ती गईं। दबाव बढ़ता गया। रिश्ता खत्म हो गया। अब सवाल यह उठता है कि आखिर गलती किसकी थी?'




# 'ओ रोमियो' में ऐसे अवतार में दिखे

**मुंबई।** शाहिद कपूर की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' लंबे समय से चर्चा में हैं। निर्देशन विशाल भारद्वाज ने ज्यादा इंतजार न करवाते हुए मोशन पोस्टर जारी कर दिया है। साथ में बता दिया है कि वह शाहिद को नए अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करने के लिए तैयार हैं। फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ग्रैंडसन के बैनर तले किया गया है। मोशन पोस्टर के साथ 'ओ रोमियो' की रिलीज तारीख और टीजर का खुलासा भी किया गया है। 'ओ रोमियो' के मोशन पोस्टर में शाहिद का खून से लथपथ खतरनाक दिखाई दिया है। जोर से चिल्लाते हुए उनके चेहरे के रहस्यमयी भाव देखने लायक हैं। फिल्म में तृप्ति डिमरी, नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, विक्रांत मैसी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल और अरुणा ईरानी प्रमुख किरदार में हैं।

टीवी मसाला




# 'बिग बॉस मराठी 6' में दिखेंगे श्रेयस तलपड़े? खुद बताई सच्चाई

**मुंबई।** रितेश देशमुख का रियलिटी शो 'बिग बॉस' मराठी अपने छठे सीजन के साथ वापसी कर रहा है। करीब 100 दिन तक चलने वाले इस रियलिटी शो में 16 से ज्यादा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिनके नाम जानने के लिए लोग काफी उत्सुक हैं। प्रतिभागियों की aकथित सूची में जैसे ही श्रेयस तलपड़े का नाम शामिल हुआ तो प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सोशल मीडिया पर जोर पकड़ रहीं इन चर्चाओं पर श्रेयस की प्रतिक्रिया भी आ गई है।

### श्रेयस ने लोगों की उम्मीदों पर फेर दिया पानी

जूम/टेली टॉक इंडिया के साथ बातचीत में श्रेयस ने 'बिग बॉस मराठी' के छठे सीजन में आने की खबरों पर स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा, आजकल ऐसा कम देखने को मिलता है। यह झूठी अफवाहें हैं। प्लीज इन्हें नजरअंदाज करें। दुर्भाग्य से, अभिनेता सबसे आसान निशाना होते हैं और कुछ लोग सुर्खियां बटोरने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। अभिनेता ने स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल वह इस रियलिटी शो का हिस्सा बनने के बिल्कुल मूड में नहीं हैं।

### आज से दस्तक देगा 'बिग बॉस मराठी 6'

पिंकविला ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि अभिनेता श्रेयस को 'बिग बॉस मराठी 6' में बतौर प्रतियोगी देखा जाएगा। इस अपडेट से प्रशंसकों की खुशी सांतवें आसमान पर थी, लेकिन श्रेयस का स्पष्टीकरण उनका दिल तोड़ सकता है। 'बिग बॉस मराठी 6' 11 जनवरी से कलर्स मराठी और जियोहॉटस्टार पर हर रात 8 बजे प्रसारित होगा। उधर, श्रेयस के काम की बात करें तो उन्हें फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' और 'द गेम ऑफ गिरगिट' में देखा जाएगा।

# प्रभास के दीवाने नकली मगरमच्छ लेकर देखने पहुंचे 'द राजा साब'

मुंबई। दक्षिण सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। पहले दिन सिनेमाघरों में दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। लोग इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया दे रहे है। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है जिसे देखकर लोग भी हैरान हैं। दरअसल, प्रभास के दीवाने प्रशंसक फिल्म रिलीज का जश्न मनाने के लिए नकली मगरमच्छ लेकर सिनेमाघर पहुंचे हैं।

***द राजा साब के जैसे पहने कपड़े :*** वीडियो में प्रशंसकों का उत्साह देखने लायक है जो 'द राजा साब' की थीम से प्रेरित कपड़े पहनकर, हाथ में नकली मगरमच्छ लिए सिनेमाघरों में एंट्री कर रहे हैं और जोर-जोर से नारे लगा रहे हैं। यह फिल्म के ट्रेलर में एक दृश्य की नकल करने के लिए था, जिसमें प्रभास का किरदार मगरमच्छ से लड़ाई करता है। 'द राजा साब' पैन इंडिया हॉरर-कॉमेडी है जिसमें संजय दत्त, मालविका मोहनन, बोमन ईरानी, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और जरीना वहाब हैं।



# बॉलीवुड और साउथ के सितारों की महाजुगलबंदी ये नई जोड़ियां मिलकर लूटेंगी पूरा बॉक्स ऑफिस

**मुंबई।** आने वाले समय में बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की सीमाएं धुंधली होती नजर आएंगी। कई बड़ी फिल्मों में दोनों इंडस्ट्री के सितारे पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे। जहां यश और कियारा आडवाणी फिल्म 'टॉक्सिक' में साथ आ रहे हैं, वहीं प्रियंका चोपड़ा और साउथ सुपरस्टार महेश बाबू भी 'वाराणसी' के जरिए एक बड़ी जुगलबंदी करने वाले हैं। साउथ और बॉलीवुड का ये महासंगम बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड्स की कहानी लिख सकता है।

***यश-कियारा और प्रियंका-महेश बाबू :*** साउथ सुपरस्टार यश और बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री कियारा आडवाणी पहली बार फिल्म 'टॉक्सिक' में साथ नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। बॉक्स ऑफिस पर इसकी टक्कर 'धुरंधर 2' से होगी। उधर एसएस राजामौली अपनी नई फिल्म 'वाराणसी' ला रहे हैं, जिसमें साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू 'रुद्र' के अवतार में और प्रियंका चोपड़ा 'मंदाकिनी' के किरदार में नजर आएंगी। ये फिल्म 1,300 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट में बन रही है।

***प्रभास-तृप्ति डिमरी और रणबीर कपूर-साई पल्लवी :*** प्रभास और तृप्ति डिमरी को निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा अपनी अगली फिल्म 'स्पिरिट' में साथ ला रहे हैं। फिल्म में तृप्ति, प्रभास से रोमांस करती दिखेंगी। ये उनकी पहली तेलुगू फिल्म होगी। निर्देशक नितेश तिवारी भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'रामायण' को पर्दे पर उतारने के लिए तैयार हैं। इस महाकाव्य फिल्म में रणबीर कपूर 'भगवान राम' की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, वहीं साउथ की बेहद प्रतिभाशाली अभिनेत्री साई पल्लवी 'माता सीता' के पवित्र किरदार को जीवंत करेंगी।



***कार्तिक आर्यन-श्रीलीला और जाह्नवी कपूर-राम चरण :*** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता कार्तिक आर्यन अब साउथ की लोकप्रिय अभिनेत्री श्रीलीला के साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। इस फिल्म से श्रीलीला बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। निर्देशक अनुराग बसु की इस फिल्म को एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा बताया जा रहा है। उधर साउथ के सुपरस्टार राम चरण और जाह्नवी कपूर 'पेड्डी' नाम की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म के लिए साथ आए हैं। उनकी ये फिल्म 27 मार्च, 2026 को दुनियाभर में रिलीज होगी।

***अल्लू अर्जुन-दीपिका पादुकोण :*** निर्देशक एटली, जिन्होंने 'जवान' से बॉक्स ऑफिस हिला दिया था, अब अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण के साथ एक एक साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म ला रहे हैं। इसके जरिए पहली बार अल्लू और दीपिका की जोड़ी बन रही है। खबर है कि 600 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट वाली इस फिल्म में अल्ल्लू अर्जुन एक नहीं, बल्कि 3 अलग-अलग किरदारों में नजर आएंगे।

## विजेताओं का फैसला फरवरी में लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में किया जाएगा

# ऑस्कर लिस्ट में 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' की मजबूत दावेदारी


### पुरस्कार की दौड़ में ये पांच फिल्में शामिल

पॉल थॉमस एंडरसन के निर्देशन में बनी फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' इस साल दुनिया के प्रतिष्ठित फिल्म पुरस्कारों में से एक बेफ्टा की सबसे बड़ी दावेदार बनकर उभरी है। लियोनार्डो डिकैप्रियो अभिनीत इस फिल्म को रिकॉर्ड 16 श्रेणियों में जगह मिली है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म से लेकर सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता जैसी प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं। इसके अलावा 'हैमनेट' और 'सिनर्स' को 14, 'मार्टी सुप्रीम' को 13 और 'फ्रेंकस्टीन' ने 12 श्रेणियों में नामांकन हासिल किया है।

### हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आमने-सामने

अभिनय की श्रेणियों में इस बार मुकाबला बेहद कड़ा होने वाला है। लियोनार्डो डिकैप्रियो अपनी फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' के लिए रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। हालांकि, उन्हें कड़ी चुनौती दे रहे हैं टिमथी चालमेट, जिन्हें फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' के लिए नामांकित किया गया है। इसके अलावा, माइकल बी जॉर्डन ने अपनी फिल्म 'सिनर्स' और डेनियल कालुआ ने फिल्म 'द अपर रूम' के लिए इस प्रतिष्ठित सूची में अपनी जगह पक्की की है।

***मुंबई।** ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बेफ्टा) 2026 की पहली 'लॉन्ग लिस्ट जारी कर दी गई है, जिसने ऑस्कर से पहले पूरे हॉलीवुड में हलचल पैदा कर दी है। दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो ने एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित कर दी है। उनकी फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' बेफ्टा की शुरुआती सूची में रिकॉर्ड 16 श्रेणियों में जगह बनाकर सबको पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, उनके सामने कई दिग्गज सितारे भी अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं।*



### निर्देशन की दुनिया के ये 6 बड़े नाम रेस में शामिल

सर्वश्रेष्ठ निर्देशन की श्रेणी में दुनिया के कुछ सबसे बेहतरीन निर्देशकों ने अपनी जगह बनाई है। रेस में सबसे आगे पॉल थॉमस एंडरसन का नाम है, जिन्होंने अपनी फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनेदर' के जरिए निर्देशन की नई परिभाषा लिखी है। उन्हें कड़ी टक्कर दे रही हैं ऑस्कर विजेता क्लो झाओ, जिनकी फिल्म 'हैमनेट' को लॉन्ग लिस्ट में खास तवज्जो मिली है। इस गौरवशाली सूची में रयान कूगलर, मैगी गिलेनहाल, जोश सफदी और योर्गोस लैंथिमोस जैसे नाम भी शामिल हैं।

### सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्रियों में इनकी दावेदारी

दूसरी ओर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की श्रेणी में जेसी बकली फिल्म 'हैमनेट' के लिए सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। उनके साथ इस मुकाबले को और भी रोमांचक बना रही हैं डायोन ग्रिफिथ, जिन्हें फिल्म 'क्वीनी' के लिए सराहा गया है। इस सूची में रेबेका फालुसन (प्रिंसेस) और मरिना वैक्ट (द मदर) जैसी प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों के नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने फिल्मों में अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों को भी अपना मुरीद बना लिया।

### 14 जनवरी को होगा विजेताओं का ऐलान

बेफ्टा की इस लॉन्ग लिस्ट ने 2026 के पुरस्कार समारोह को बेहद रोमांचक बना दिया है। अब सबकी नजरें 14 जनवरी पर टिकी हैं, जब फाइनल नामांकन की घोषणा होगी। विजेताओं का फैसला फरवरी में लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डीईओ लॉगिन में प्राप्त दस्तावेज के सत्यापन हेतु समिति गठित

**अंबिकापुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा अवगत कराया गया है कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के दौरान नो मैपिंग प्रकरणों के लिए ईआरओ-एईआरओ लॉगिन के माध्यम से नोटिस जारी कर संबंधितों को उपलब्ध करा दिया गया है। ऐसे सभी प्रकरण, जिनमें ईआरओ-एईआरओ द्वारा दस्तावेज अपलोड किए गए हैं, डीईओ लॉगिन में प्राप्त दस्तावेज के सत्यापन हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें अपर कलेक्टर सरगुजा अमृत लाल ध्रुव को अध्यक्ष होंगे, वहीं आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ललित शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा, जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी जियाउर रहमान, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी लव त्रिपाठी, जिला रोजगार अधिकारी ललित पटेल, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी दीपेन्द्र यादव, पोस्टमास्टर डाकघर अंबिकापुर मनोज पाण्डे, ई-जिला प्रबंधक जिला सरगुजा वैभव सिंह एवं भू-अभिलेख अधीक्षक सरगुजा श्रीमती उषा नेताम सदस्य होंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शक्ति केन्द्र ...

उनके साथ मंडल महामंत्री भगवान दास, छाया पार्षद अब्दुल अजीज, अनिल शर्मा सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बैठक में सक्रिय सहभागिता निभाई। बैठक के दौरान एसआईआर से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करते हुए समयबद्ध एवं पारदर्शी कार्य करने का आह्वान किया गया। संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है, इसके लिए कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय, नियमित बैठकें एवं जनसंपर्क को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मंडल महामंत्री जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका निर्णायक होती है।

### गांधी पार्क में ...

कर ग्राम सभाओं और पंचायतों की शक्ति छीनी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने और बजट कटौती की कोशिशें बंद नहीं हुइं तो ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी और पलायन का भयावह मंजर देखने को मिलेगा। सत्याग्रह के माध्यम से कांग्रेस ने अपनी चार सूत्रीय चट्टानी मांगे दोहराई। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद बंशगोपाल, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह, राजीव गुप्ता, बिहारी लाल राजवाड़े, शैलेन्द्र सिंह, हेमसागर यादव, भूपेन्द्र यादव, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, सुमन दूबे, आशीष डबरे, देव नारायण यादव, संतोष गोयन, यशपाल सिंह, फारोग सिद्दीकी, सत्यनारायण मोदी, हीरालाल साहू, दीपक गुप्ता, राज बहादुर, स्वतंत्र महोबिया, सुरेन्द्र तिवारी, सौरभ गुप्ता, जाग्रत कुर्रे, अंकित गुप्ता, वीरेन्द्र कुमार साहू, विजय सिंह, अविनाश पाठक, सोहन स्वामी, एजाज गुड्डू, रूद्र प्रसाद साहू, निलेश साहू, अनित दुबे आदि मौजूद रहे।

### एमसीबी में एक ...

पांडे सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सत्य, अहिंसा और संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ की गई। उपवास सत्याग्रह को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि केन्द्र सरकार महात्मा गांधी के नाम से चल रही इस योजना की मूल भावना को समाप्त करने पर आमादा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल नाम बदलने की राजनीति कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि मजदूरों को न तो पर्याप्त काम मिल रहा है और न ही समय पर मजदूरी का भुगतान हो रहा है। पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने कहा कि मनरेगा महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित योजना है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक रोजगार और सम्मान पहुंचाना था, लेकिन आज केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण यह योजना लगातार कमजोर की जा रही है। पूर्व विधायक श्री कमरो ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि संविधान प्रदत्त काम के अधिकार का सशक्त विचार है। केन्द्र सरकार महात्मा गांधी के नाम के साथ-मजदूरों को प्राप्त अधिकारों को भी समाप्त कर रही है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

### सोमनाथ स्वाभिमान ...

मंडल अध्यक्ष नरेश यादव, मंडल महामंत्री मणि प्रसाद पाण्डे, मोतीलाल पाण्डे, शक्ति केन्द्र प्रभारी लक्ष्मण कुशवाहा, शक्ति केन्द्र संयोजक अमरजीत यादव, बूथ अध्यक्ष अशोक गुप्ता, बलिराज सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। पूजा-अर्चना एवं मंत्र जाप के दौरान सभी ने देश की एकता, अखंडता, समृद्धि एवं सांस्कृतिक गौरव की रक्षा के लिए प्रार्थना की।

## सीसीटीवी में कैद हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

# युवती समेत तीन लोगों ने चाकू मारकर की युवक की हत्या, सुबह मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में एक युवक की चाकू मारकर हत्या किए जाने की घटना से सनसनी फैल गई है। युवक का शव गांधीनगर क्षेत्र में खून से लथपथ हालत में मिला है। बड़ी बात यह है कि चाकूबाजी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है जिसमें एक युवती के साथ ही दो युवक नजर आ रहे है लेकिन हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में संदेही युवती के साथ ही तीन लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

**खास बातें**

- संदेहियों को हिरासत में की जा रही पूछताछ
- पेट पर चाकू के वार की पुष्टि

बता दें कि शनिवार की सुबह शहर के गांधीनगर डेयरी फार्म रोड पर सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव स्थानीय लोगों ने देखा था। शव मिलने के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान सुभाष नगर निवासी 46 वर्षीय बबलू मंडल आ. तिवारी लाल मंडल के रूप में की गई। युवक की हत्या किए जाने की शंका पर पुलिस के साथ ही एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा उपरान्त शव को पीएम के लिए भेजा। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक बबलू मंडल के पेट में चाकू से वार किया गया है। संभवतः हमलावरों ने पेट में चाकू मारा और फिर डरकर भाग निकले। इधर नशे की हालत मे रातभर पड़े रहने और खून बहने के कारण युवक की मौत हो गई। मृतक के पेट पर चाकू के एक हमले के निशान की अब तक पुष्टि हुई है लेकिन बबलू मंडल की हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।



घटना स्थल की जांच करते पुलिस अधिकारी।

### सीसीटीवी में साथ नजर आए मृतक व संदेही

बड़ी बात यह है कि गांधीनगर क्षेत्र में हुई यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। बताया जा रहा है कि सीसीटीवी में मृतक बबलू मंडल के साथ ही सुभाषनगर मोहल्ले की रहने वाली एक युवती के साथ ही दो अन्य युवक चलते हुए नजर आ रहे है। जबकि आगे उनके बीच विवाद और फिर चाकू बाजी की घटना हुई। मृतक की पत्नी सीता मंडल का कहना है कि शुक्रवार की शाम भी युवती व अन्य युवक घर में आए थे और किसी बात को लेकर बबलू मंडल के साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी थी। महिला के अनुसार रात 11 बजे तक मृतक बबलू मंडल घर में मौजूद था और फिर रात के समय वे लोग उसे लेने के लिए आए थे। मृतक की पत्नी सीता मंडल ने मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### नशे के कारोबार पर कार्रवाई की मांग

गांधीनगर क्षेत्र में चाकू मारकर युवक की हत्या की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी भी नशेड़ी किस्म के है। वहीं अब इस घटना के बाद क्षेत्र में नशे के कारोबार को लेकर सवाल उठने लगे है। वार्ड पार्षद विपन पाण्डेय ने भी क्षेत्र में नशे के कारोबार को लेकर सवाल उठाए है। उन्होंने आरोप लगाया कि नशीली इंजेक्शन, शराब सहित अन्य नशों के गिरफ्त में आकर युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। क्षेत्र नशेड़ियों का गढ़ बनता जा रहा है। क्षेत्र में नियमित रूप से गस्त और कार्रवाई कर इसपर लगाम लगाई जानी चाहिए।

### चल रही है पूछताछ

युवक की धारदार हथियार के हमले से मौत हुई है। पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। मामले में कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया गया है और पूछताछ चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

# अंजनहिल कोल माइंस में दायित्वपूर्ण खनन का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

अंजन हिल कोल माइंस में कोयला उत्खनन के लिए अधिकृत ऑपरेटर अंजन माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने चिरमिरी क्षेत्र में नियमों के अनुरूप, पारदर्शी एवं दायित्वपूर्ण खनन कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई है।

अंजन हिल कोल माइंस का स्वामित्व साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के पास है, जबकि वैधानिक प्रावधानों के तहत खनन कार्यों के निष्पादन की जिम्मेदारी अंजन माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को सौंपी गई है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि सभी आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियां एवं अनुमोदन प्राप्त होने के बाद ही खनन कार्य शुरू किया जाएगा। कंपनी अधिकारियों ने बताया कि खनन कार्य के दौरान पर्यावरण संरक्षण के सभी मानकों का कड़ाई से पालन किया जाएगा तथा स्थानीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत किए गए कार्यों का अनुभव भी यहां लागू किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि परियोजना के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए स्थानीय हितधारकों और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाएगा, ताकि क्षेत्र में सतत विकास सुनिश्चित हो सके।

# मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** पण्डो जनजाति समाज ने आईजी एवं सूरजपुर एसपी को ज्ञापन सौंप समाज के लोगों के साथ पूर्व में हुई मारपीट के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है तथा तत्काल गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष उदय पण्डो ने बताया कि अपनी जमीन पर पीएम आवास निर्माण के दौरान 20 दिसम्बर को ग्राम धरसेडी निवासी जगजीत यादव, नरेंद्र यादव, गायत्री यादव, सुमित्रा यादव, विष्णु यादव एवं जय कुमार यादव ने पण्डो समाज की लीलावती पण्डो, रंगलाल पंडो एवं मनमोहन पंडो पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया था। हमले में तीनों को गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 190, 191, 296, 35 का प्रकरण दर्ज किया है लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है जिससे पीड़ित भयभीत है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा।





# निरीक्षण में अनुपस्थित रहे 31 स्वास्थ्यकर्मी, जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीएचसी, सीएचसी में निर्देशों के बाद भी स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। अस्पतालों में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी बिना किसी सूचना के नदारद रहते है। ऐसे में जेडी ने अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है इसके साथ ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए है।

- संभागीय संयुक्त संचालक ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बताया जा रहा है कि संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने शनिवार को सीएचसी बतौली, पीएचसी बरगीडीह, रघुनाथपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीएचसी बतौली में निरीक्षण के दौरान लैब अव्यवस्थित मिला। लैब में स्पुटम स्लाइड अव्यवस्थित रहा और टीबी मरीजों की काउंसलिंग पश्चात उपलब्धि बहुत कम पाई गई। लैब में साफ-सफाई का अभाव था। इतना ही नहीं अस्पताल में पदस्थ 25 अधिकारी कर्मचारी शनिवार को अनुपस्थित मिले। इसी तरह पीएचसी बरगीडीह में संस्थागत प्रसव में कमी पाई गई। ऐसे में उन्होंने संस्थागत प्रसव में वृद्धि करने और भवन में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में 102 की व्यवस्था की जाए। बरगीडीह पीएचसी में भी 3 कर्मचारी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इसी तरह पीएचसी रघुनाथपुर में साफ सफाई की कमी पाई गई। जेडी ने अधिकारियों से कहा कि पुरुष वार्ड में पुरुष व महिला वार्ड में महिला मरीजों को भर्ती किया जाए। वहीं पीएचसी रघुनाथपुर में भी 3 कर्मचारी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। जेडी ने सभी अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# छात्र की मौत के बाद भी शौचालय में नहीं किए गए सुरक्षा के इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

छात्र की मौत के बाद भी विद्यालय में व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही है। आज भी स्कूल परिसर में मौजूद जर्जर शौचालय खतरे को न्यौता दे रहे है। जिसे लेकर लोगों में रोष का माहौल है। इधर हादसे में मृत छात्र के परिजन से मिलने क एली क्षेत्रीय विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते भी पहुंची। इस दौरान शिक्षक व अधिकारियों को जमकर फटकार भी लगाईं।

- खुला है सेप्टिक टैंक का ढक्कन, अंदर भवन जर्जर, विधायक ने लगाई फटकार

बता दें कि त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम शारदापुर स्थित खुटहन पारा पूर्व माध्यमिक शाला के कक्षा 6वीं के छात्र आलोक आल रमेश देवांगन की परिसर में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का छज्जा गिरने से दबकर मौत हो गई थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। फिलहाल प्रारंभिक रूप से इस मामले में शिक्षा विभाग ने महिला प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है जबकि निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। इन सब के यह बात सामने आई कि स्कूल परिसर में मौजूद शौचालय बंद रहते है जिससे छात्र बाथरूम के लिए निर्माणाधीन भवन की तरफ गया था। इस हादसे के बाद स्कूल प्रबंधन ने सभी शौचालय को खोल दिया है लेकिन इन शौचालयों में मरम्मत और सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि विद्यालय परिसर में बने शौचालय का सेप्टिक टैंक खुला हुआ है जो बच्चों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। वहीं शौचालय के अंदर की स्थिति भी बेहद जर्जर है और भी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन इन जर्जर शौचालयों के मरम्मत हेतु कोई पहल नहीं की गई। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते पीड़ित परिवार से मिलने उनके गृह ग्राम शारदापुर पहुंचीं। उन्होंने परिजन से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और मौके पर मौजूद अधिकारियों व शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाई। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए विद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था तत्काल दुरुस्त की जाए। स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जर्जर शौचालयों की तत्काल मरम्मत, सेफ्टी टैंक को सुरक्षित ढंग से ढकने और पूरे विद्यालय परिसर की जांच की मांग की है। हादसे के बाद भी खतरे बने रहने से अभिभावकों में आक्रोश है और वे जिम्मेदार अधिकारियों व शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



# मिशन स्कूल के बाबू का 15 दिन बाद कुएं में मिला शव



**डांड़गांव।** मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के बाबू का 15 दिन बाद कुएं में मिला शवक्रिसमस त्यौहार मनाने घर से निकला मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के बाबू का 15 दिन बाद शव कुएं में मिला। शव मिलने से गांव सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार तारा चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवनगर मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के बाबू के पद पर पदस्थ मनोज कुमार एक्का (44 वर्ष) जो लगभग 15 सालों से बाबू के पद पर पदस्थ थे। मूलतः जशपुर क्षेत्र के ग्राम अम्बा पारा निवासी मनोज एक्का 25 दिसंबर को क्रिसमस त्योहार मनाने के लिए रात्रि लगभग 8 बजे घर से निकले थे जिसके बाद वापस नहीं लौटे। 15 दिन में शिवनगर गांव में ही एक पुराने कुएं में गत दिन शव मिला। इधर कुआं में शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया।

# व्हीटीसी कॉलोनी के शिव मंदिर में आयोजन

**कॉलरी।** प्रदेश संगठन के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी शिवपुर-चरचा मंडल द्वारा व्हीटीसी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में 10 जनवरी को पूरे श्रद्धा भाव एवं उत्साह के साथ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर राष्ट्रीय की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक स्वाभिमान के संरक्षण का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री सचिन मलिक उर्फ मुन्ना चक्रधारी, जिला मंत्री प्रदीप तिवारी सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिव मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयघोष से गूंजा उठा। वक्ताओं ने अपने संबोधन में सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक संघर्ष, पुर्ननिर्माण और उसके राष्ट्रीय स्वाभिमान से जुड़े महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारतीय संस्कृति, आस्था और आत्मसम्मान का जीवंत प्रतीक है, जो प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक एकता, सेवा कार्यों के गति देने और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। आयोजन में कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी और अनुशासित उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल एवं प्रेरणादायी बना दिया। जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर का इतिहास हमें यह सिखाता है कि कितनी भी बार आक्रमण हुए हों, भारत की आत्मा को कभी पराजित नहीं किया जा सका। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी खोई हुई सांस्कृतिक विरासत को पुनः गौरव के साथ स्थापित कर रहा है और सोमनाथ स्वाभिमान पर्व उसी राष्ट्रीय चेतना का सशक्त उदाहरण है।

## कांग्रेस करेगी चरणबद्ध आंदोलन, कहा बढ़ेगी पलायन की समस्या

# मनरेगा थी पंचायतों में रोजगार गारंटी का सुरक्षा कवच : प्रेमसाय




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मनरेगा योजना को बंद किए जाने को लेकर कांग्रेस ने देशभर में आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन व अन्य कार्यक्रम होंगे। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह ने पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि

यूपीए की सरकार में देश में शिक्षा, भोजन, सूचना के अधिकार के साथ ही साथ रोजगार के लिए कानून बनाया गया। इस कानून के तहत जरूरतमंद लोगों को 100 दिन का रोजगार देने की व्यवस्था की गई और इसके लिए शत-प्रतिशत राशि का प्रावधान केंद्र से किया गया। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत हर पंचायत में रोजगार मिलने की गारंटी थी। अगर 15 लोग भी खड़े हो जाए कि हमें काम चाहिए तो कानूनी प्रावधान था कि उन्हें काम देना है। यह ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की गारंटी और सुरक्षा कवच थी लेकिन अब इसको समाप्त किया जा रहा है। पहले कभी भी काम मांगने पर रोजगार मिलता था लेकिन अब अचानक ही इस योजना को बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया में किए गए सर्वे में यह पाया गया कि मनरेगा एक सफल और प्रभावी योजना थी क्यों कि इसमें रोजगार एक संवैधानिक अधिकार था और अगर मांगने पर रोजगार नहीं मिलता तो भत्ता दिया जाता था। वर्ष 2014 में भाजपा की सरकार आने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी इसे भ्रष्टाचार का ताबूत और फेल योजना बताया और फिर उसके बजट में लगातार कटौती की गई। इसके साथ ही अब इस योजना में मिलने वाली राशि में केंद्र के साथ राज्य की हिस्सेदारी भी 40 प्रतिशत होगी। इसका कई राज्यों ने विरोध किया है क्यों कि उनके पास आर्थिक समस्या है। पूर्व मंत्री श्री टेकाम ने कहा कि अब इस योजना में ठेकेदारों की एंट्री हो गई है। अब अगर ठेकेदार काम कराएंगे तो मजदूरों का हक छीना जाएगा। पहले काम ग्राम पंचायत तय करती थी की काम कहां और क्या काम होंगे लेकिन अब केंद्र सरकार इसका निर्धारण करेगी। काम नहीं मिलने पर क्षेत्र में पलायन की समस्या बढ़ेगी। जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा कि भाजपा की मोदी ने महात्मा गांधी का नाम हटाने भावनात्मक शब्दों का उपयोग किया जी राम जी जबकि इस योजना का पूरा नाम ही अलग है। राम जी का मुखौटा लगाकर महात्मा गांधी का नाम हटाने का कुत्सित प्रयास किया गया है जिसकी कांग्रेस निंदा करती है।

### विकासखंड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 432 मरीजों की हुई जांच

**सीतापुर।** रोग निदान एवं बेहतर स्वास्थ्य के प्रति लोगो को जागरूक करने संचालक आयुष रायपुर एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशिबाला जायसवाल के निर्देश पर विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जनजागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

